Title : Need to lay Bilaspur-Mandla-Jabalpur railway line.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं छत्तीसगढ़ राज्य में बिलासपुर से मंडला, जबलपुर, मुंगली रेल्वे लाइन की मांग की ओर रेल मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहता हूं। छत्तीसगढ़ पिछड़ा हुआ क्षेत्र और अनुसूचित जाति तथा जनजातीय बाहुल्य राज्य है। उस क्षेत्र में रेल की सुविधा नगण्य है। जबलपुर से मंडला लाइन जोड़ने का सर्वे हो चुका है और 25 वर्षों से करोड़ों रुपया उस पर सरकार का खर्च हो चुका है। वहां के लोग रोजी-रोटी की तलाश में दिल्ली, भोपाल, लखनऊ आदि जगहों पर जाते हैं। वहां के शिक्षित बेरोजगारों की संख्या बढ़ रही है। इसलिए वहां पर लोग भुखमरी के शिकार हो रहे हैं और मजदूरी के लिए बाहर जा रहे हैं। इन लोगों को रोजी-रोटी के लिए यह रेल लाइन बिछाना आवश्यक है। इसकी स्वीकृति के लिए रेल मंत्रालय को योजना आयोग में प्रस्ताव भेजना चाहिए, जिससे वहां के लोगों की रोजी-रोटी की समस्या दूर हो सके और आवागमन की सुविधा हो सके। इसलिए बिलासपुर से मंडला रेल लाइन जोड़ देंगे तो बिलासपुर से दिल्ली, बिलासपुर से लखनऊ तथा बिलासपुर से मुम्बई आवागमन की सुविधा भी आम जनता को प्राप्त होगी। अतः मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि बिलासपुर से मुंगली, मंडला, जबलपुर रेल लाइन, जिसकी दूरी 120 किलोमीटर है, बिछाई जाए, जिससे मैनपुर और जबलपुर के लोग भी जुड़ जाएं। हमारे प्रदेश में खनिज सम्पदा बहुत है। वहां कोयला, बॉक्साइट, डोलोमाइट आदि की खाने हैं और हीरे की भी खदान हैं। इससे सरकार को क्षति न होकर, आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, क्योंकि सरकार की आय बढ़ जाएगी। इसलिए इस रेल लाइन को बिछाने का काम शीघ्र किया जाए।